दैनिक जागरण 19/02/2025

# स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव बताए



एनएसएस शिविर में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे सचेत करते जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**जासं ● अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा शिविर का आयोजन किया। इस दौरान प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में 'हम' की भावना उत्पन्न करती हैं। स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। डा. अजीत सिंह, प्रिंसिपल पीजी कालेज ने जीएमएन कालेज के संकाय का स्वागत किया। जीएमएन कालेज के संकाय डा. प्रबलीन कौर, डा. गीता कौशिक और डा. भारती सुजान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम स्थान डा. धर्मवीर सैनी, द्वितीय स्थान डा. कुलदीप यादव, तृतीय स्थान डा. दीपक ने जीता।